पत्र सूचना शाखा

सूचना एवं जनसम्पर्क विभाग, उ0प्र0

राज्यपाल से मिला बार एसोसिएशन का प्रतिनिधि मण्डल

लखनऊः 12 मार्च, 2015

उत्तर प्रदेश के राज्यपाल, श्री राम नाईक से आज राजभवन में सेन्ट्रल बार एसोसिएशन, लखनऊ व लखनऊ बार एसोसिएशन, लखनऊ सहित कतिपय अन्य अधिवक्ताओं के प्रतिनिधि मण्डल ने संयुक्त रूप से भेंटकर अपने-अपने ज्ञापन सौंपे। राज्यपाल ने प्रतिनिधि मण्डल के सदस्यों से प्राप्त प्रत्यावेदन मुख्यमंत्री, श्री अखिलेश यादव को समुचित कारवाई हेतु प्रेषित कर दिया है।

ज्ञापन में गत दिनों लखनऊ में सदर तहसील को लखनऊ मध्य से देवां रोड स्थानान्तरण के मामले में अधिवक्ताओं व पुलिस के बीच हुई झड़प की जांच तथा इलाहाबाद में अधिवक्ता, नबी अहमद के हत्या-आरोपी पर कड़ी कार्यवाही करने सहित कुछ अन्य मांगें भी रखी गईं।

प्रतिनिधि मण्डल में श्री उमा शंकर श्रीवास्तव, अध्यक्ष, सेन्ट्रल बार एसोसिएशन, श्री अखिलेश जायसवाल, महामंत्री, सेन्ट्रल बार एसोसिएशन, श्री सी0एल0 दीक्षित, अध्यक्ष, लखनऊ बार एसोसिएशन, श्री नयन राज सिंह राठौर, अध्यक्ष, रायल बार एसोसिएशन, श्री कृष्ण पाल सिंह, अध्यक्ष, मोहनलालगंज बार एसोसिएशन, श्री सुरेश पाण्डेय, मंत्री, लखनऊ बार एसोसिएशन, श्री दया शंकर पाण्डेय, पूर्व उपाध्यक्ष, लखनऊ बार एसोसिएशन शामिल थें।